# संकलित परीक्षा – I (2014)
## हिन्दी 'ब'
## कक्षा – X

**निर्धारित समय : 3 घण्टे** **अधिकतम अंक : 90**

**निर्देश :**

(1) इस प्रश्न–पत्र के **चार खंड** हैं – **क, ख, ग** और **घ।**

(2) चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना **अनिवार्य** है।

(3) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमश: दीजिए।

**खण्ड–क**

**( अपठित बोध )**

1 **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए —** 12

हमारे देश के महान संत स्वामी रामतीर्थ एक बार जापान गए। वे रेल में यात्रा कर रहे थे कि एक दिन ऐसा हुआ कि उन्हें खाने को फल न मिले और उन दिनों फल ही उनका भोजन था। गाड़ी एक स्टेशन पर ठहरी, तो वहाँ भी उन्होंने फलों की खोज की पर वे पा न सके। उनके मुँह से निकला ''जापान में शायद अच्छे फल नहीं मिलते!''

एक जापानी युवक प्लेटफार्म पर खड़ा था। वह अपनी पत्नी को रेल में बैठाने आया था, उसने ये शब्द सुन लिए। सुनते ही वह अपनी बात बीच में ही छोड़कर भागा और कहीं दूर से एक टोकरी ताज़े फल लाया। वे फल उसने स्वामी रामतीर्थ को भेंट करते हुए कहा: ''लीजिए, आपको ताज़े फलों की ज़रूरत थी।''

स्वामी जी ने समझा, यह कोई फल बेचने वाला है और उनके दाम पूछे, पर उसने दाम लेने से इनकार कर दिया। बहुत आग्रह करने पर उसने कहा, ''आप इनका मूल्य देना ही चाहते हैं तो वह यह है कि आप अपने देश में जाकर किसी से यह न कहिएगा कि जापान में अच्छे फल नहीं मिलते।''

स्वामी जी युवक का यह उत्तर सुनकर मुग्ध हो गए। वे क्या मुग्ध हो गए पर उस युवक ने अपने इस कार्य से अपने देश का गौरव जाने कितना बढ़ा दिया !

(i) स्वामी जी का पूरा नाम क्या था? वह खाने के लिए फल क्यों ढूँढ रहे थे?

(ii) फलों के विषय में स्वामी जी ने क्या टिप्पणी की और क्यों?

(iii) किस व्यक्ति ने स्वामी जी की टिप्पणी को सुना और क्या प्रतिक्रिया की?

(iv) स्वामीजी ने उस व्यक्ति को क्या समझा और किस बात का आग्रह किया?

(v) उस व्यक्ति ने स्वामी जी के आग्रह को क्यों नहीं स्वीकारा?

(vi) स्वामी जी के मुग्ध होने का क्या कारण था और आप इससे क्या शिक्षा ग्रहण करते हैं?

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2 | **निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए —** | 8 |

विषुवत-रेखा का वासी जो,
जीता है नित हाँफ़-हाँफ़ कर,
रखता है अनुराग अलौकिक,
वह भी अपनी मातृभूमि पर।

ध्रुव वासी जो हिम में, तम में,
जी लेता है काँप-काँप कर,
वह भी अपनी मातृभूमि पर,
कर देता है प्राण निछावर।।

तुम तो हे प्रिय बंधु ! स्वर्ग-सी,
सुखद सकल विभवों की आकर,
धरा-शिरोमणि मातृभूमि में,
धन्य हुए हो जीवन पाकर।

तुम जिसका जल-अन्न ग्रहण कर,
बड़े हुए लेकर जिसका रज,
तन रहते कैसे तज दोगे,
उसको, हे वीरों के वंशज।।

जब तक साथ एक भी दम हो,
हो अवशिष्ट एक भी धड़कन,
रखो आत्म-गौरव से ऊँची,
पलकें, ऊँचा सिर, ऊँचा मन।

(i) विषुवत प्रदेश और ध्रुवीय प्रदेश के लोगों के जीवन पर एक-एक वाक्य लिखिए।

(ii) हमारा देश उक्त दोनों क्षेत्रों से किस प्रकार भिन्न है?

(iii) हमारी मातृभूमि ने हमारे लिए क्या-क्या किया है?

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | (iv) मातृभूमि के लिए हमसे क्या अपेक्षा की गई है? | |
| | | **खण्ड-ख**<br>**( व्यावहारिक व्याकरण )** | |
| 3 | | **निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार बदलिए-**<br>(i) देर से उठने के कारण वह विद्यालय देर से पहुँचा।<br>(संयुक्त वाक्य में)<br>(ii) शिखर के पिता विद्यालय में प्रधानाचार्य से मिलकर चले गए।<br>(मिश्र वाक्य में)<br>(iii) सुरभि कुर्सी पर बैठी और किताब पढ़ने लगी।<br>(सरल वाक्य में) | 3 |
| 4 | | निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए :<br>(क) गाय का ताकतवर दूध होता है।<br>(ख) वसंत ऋतु अच्छा लगता है।<br>(ग) एक गुलाब के फूलों की माला लाओ।<br>(घ) मैं नया पोशाक पहनूँगा। | 4 |
| 5 | | (क) निम्नलिखित समस्त पदों का विग्रह कर समास का नाम लिखिए-<br>डाकगाड़ी, प्रतिवर्ष<br>(ख) निम्नलिखित विग्रहों के समस्त पद बनाकर समास का नाम लिखिए-<br>तीन मंज़िल वाला<br>धनी और निर्धन | 4 |
| 6 | | (i) शब्द एवं पद का प्रमुख अंतर बताइए। | 2 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | (ii) रेखांकित पद का परिचय दीजिए।<br><br>रवि ने पुस्तक <u>खरीदी</u>। | |
| | 7 | निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति उपयुक्त मुहावरों से कीजिए –<br><br>(i) पुत्र की प्रशंसा सुनकर पिता का सीना __________।<br><br>(ii) दूसरों का अहित चाहने वाला सदा अपने लिए गड्ढा __________ है। | 2 |
| | | **खण्ड-ग**<br>**( पाठ्य-पुस्तक )** | |
| | | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए**- (2+2+1) | |
| | 8(i) | अपने क्रोध का शमन करने के लिए तताँरा ने क्या किया ? | 2 |
| | (ii) | कलकत्ता में स्वतंत्रता दिवस की तैयारी कैसे की गई थी ? | 2 |
| | (iii) | अपने फेल होने पर बड़े भाई साहब ने क्या तर्क दिया ? | 1 |
| | 9 | लेखक ने शैलेन्द्र को किस प्रकार का फिल्मकार माना है और क्यों ? उदाहरण देकर अपने उत्तर को सिद्ध कीजिए। | 5 |
| | 10 | **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-(2+2+1)**<br>टाइम-टेबिल बना लेना एक बात है, उस पर अमल करना दूसरी बात। मैदान की वह सुखद हरियाली, हवा के हलके-हलके झोंके, फुटबाल की वह उछल-कूद, कबड्डी के वह दाँव-घात, वॉलीबाल की वह तेज़ी और फुरती, मुझे अज्ञात और अनिवार्य रूप से खींच ले जाती और वहाँ जाते ही मैं सब कुछ भूल जाता। वह जानलेवा टाइम-टेबिल, वह आँखफोड़ पुस्तकें, किसी की याद न रहती और भाई साहब को नसीहत और फ़जीहत का अवसर मिल जाता। मैं उनके | 5 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | साये से भागता, उनकी आँखों से दूर रहने की चेष्टा करता, कमरे में इस तरह दबे पाँव आता कि उन्हें खबर न हो। उनकी नज़र मेरी ओर उठी और मेरे प्राण निकले। हमेशा सिर पर एक नंगी तलवार-सी लटकती मालूम होती। फिर भी जैसे मौत और विपत्ति के बीच भी आदमी मोह और मोह के बंधन में जकड़ा रहता है, मैं फटकार और घुड़कियाँ खाकर भी खेल कूद का तिरस्कार न कर पाता था।<br>(1) लेखक अपने बनाए टाइम-टेबिल पर अमल क्यों नहीं कर पाता था ?<br>(2) लेखक का खेलकूद का प्रेम उसे कब भारी पड़ता था ?<br>(3) बड़े भाई साहब लेखक की फ़जीहत कब करते थे ? | |
| | | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-** (2+2+1) | |
| | 11(i) | लाखों ग्रंथ पढ़ने पर भी कबीर की दृष्टि में लोग पंडित क्यों नहीं बन पाते हैं? | 2 |
| | (ii) | मीरा कृष्ण की चाकरी करने को इतनी आतुर क्यों हैं? | 2 |
| | (iii) | चिड़ियाँ तोप पर क्या करती हैं? | 1 |
| | 12 | झरनों के किन-किन रूपों का वर्णन कवि ने किया है ? अपने शब्दों में लिखिए। आप भी किसी समुद्री तरंग का वर्णन कीजिए। | 5 |
| | 13 | दो पत्नियों के स्वर्ग सिधार जाने पर तीसरी शादी के लिए हरिहर काका द्वारा मना किया जाना, उनकी किस सोच को व्यक्त करता है? आप उनकी इस सोच से क्या शिक्षा ग्रहण करते हैं? बताइए। | 5 |
| | | **खण्ड-घ** | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | **( लेखन )** | |
| | | **दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।** | |
| | 14(i) | पुस्तक मेला<br>● पुस्तक का महत्व<br>● अनेक प्रकाशन संस्थानों की अभिरुचि<br>● प्रेरणा का आधार | 5 |
| | (ii) | प्लास्टिक की दुनिया<br>● प्लास्टिक का विस्तार<br>● प्लास्टिक के नुकसान<br>● सीमाएँ | 5 |
| | (iii) | प्रात:कालीन भ्रमण<br>● प्रकृति से संपर्क<br>● शारीरिक व्यायाम<br>● सेहत के लिए उपयोगी व लाभदायक | 5 |
| | 15 | 'दिल्ली पब्लिक लाईब्रेरी' के प्रबन्धक के नाम एक पत्र लिखकर उनसे विद्यार्थियों के लिए भी एक चलती-फिरती लाईब्रेरी को व्यवस्था करने का अनुरोध कीजिए। | 5 |
| | 16 | आगामी शनिवार को तीसरे कालांश में विद्यालय के 'ऑडोटोरियम' में कठपुतली का तमाशा दिखाया जाएगा। कक्षा 9 के सभी विद्यार्थी अपने कक्षाध्यापकों के साथ वहाँ कतारों में आएँ। तत्संबंधी सूचना लिखिए। | 5 |
| | 17 | आपके सुलेख प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्राप्त करने पर आपके और प्रधानाचार्य के मध्य के हुए संवाद को लगभग **50** शब्दों में लिखिए। | 5 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | 18 | क-ख-ग उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का 'खेलकूद दिवस' धोनी स्टेडियम में सुबह 9 बजे से 2 बजे तक होगा। संबंधित अभिभावक आमंत्रित हैं इस आशय का विज्ञापन लिखिए। | 5 |
| | | | |
| | | | |